आर.ए.एस./आर.टी.एस. (मुख्य) परीक्षा-2018
(सामान्य अध्ययन एवं सामान्य ज्ञान)

प्रथम प्रश्नपत्र

मॉडल पेपर-2

समय : 3 घंटे **कुल अंक : 200**

कुल प्रश्न : 48

(यूनिट-I) (75 अंक)

भाग-अ अंक : 10

नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

1. खातोली का युद्ध कब एवं किनके बीच हुआ था, इस युद्ध में कौन विजयी रहा?
2. राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित किये जाने वाले किन्हीं चार महोत्सवों के नाम बताइये।
3. अद्वैतवाद क्या है? इसके प्रतिपादक कौन हैं?
4. मनसबदारी प्रथा से आप क्या समझते हैं?
5. चंपारण सत्याग्रह की मुख्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिये।

भाग-ब अंक : 25

नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

6. मांड गायकी क्या है? इसके प्रमुख कलाकारों के नाम बताइये।
7. 1857 की क्रांति में कोटा विद्रोह का वर्णन कीजिये।
8. बलबन की 'रक्त एवं लौह नीति' से आप क्या समझते हैं?
9. भारतीय राष्ट्रवाद के उत्थान में सहायक कारकों का वर्णन कीजिये।
10. पुनर्जागरण इटली में ही क्यों प्रारंभ हुआ? कारणों की विवेचना कीजिये।

भाग-स अंक : 40

नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 100-100 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं।

11. "लोकगीत व लोकनृत्य राजस्थान की संस्कृति को मूर्त रूप देते हैं।" कैसे?
12. मुगलकालीन प्रांतीय प्रशासन की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिये।
13. 'आर्थिक दोहन' (Economic drain) की व्याख्या कीजिये तथा इसके कारणों की समीक्षा कीजिये।
14. प्रथम विश्वयुद्ध को आधुनिक इतिहास में प्रथम 'संपूर्ण' युद्ध की संज्ञा क्यों दी गई थी?

(यूनिट-II) (65 अंक)

भाग-अ अंक : 10

नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

1. विनिवेश से आप क्या समझते हैं?
2. बाज़ार कीमत पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद का उल्लेख कीजिये।
3. बैंकिंग लोकपाल योजना क्या है?
4. वर्ष 2017-18 में राजस्थान की प्रति व्यक्ति आय कितनी रही है?
5. राजस्थान संपर्क पोर्टल क्या है?

भाग-ब अंक : 25

नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

6. सकल घरेलू उत्पाद और शुद्ध घरेलू उत्पाद में अंतर स्पष्ट कीजिये।
7. भामाशाह योजना क्या है? यह योजना क्यों महत्त्वपूर्ण है?
8. खाद्य सुरक्षा से आप क्या समझते हैं? यह भारत जैसे देश के लिये क्यों आवश्यक है?
9. राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) का गठन कब और किस उद्देश्य के लिये किया गया?
10. लीड बैंक योजना क्या है?

भाग-स अंक : 30

नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 100-100 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं।

11. नई कृषि निर्यात नीति-2018 की प्रमुख विशेषताएँ क्या है? स्पष्ट कीजिये।
12. किसानों की आय दोगुना करने के संबंध में गठित अशोक दलवई समिति की सिफारिशों का उल्लेख कीजिये।
13. राजस्थान के औद्योगिक विकास में राजस्थान वित्त निगम की भूमिका का वर्णन कीजिये।

(यूनिट-III) (सेक्शन-A) (20 अंक)

भाग-अ **अंक : 10**

नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

1. कबीर ने किस प्रकार सामाजिक मूल्यों को प्रभावित किया?
2. धर्मनिरपेक्ष एवं पंथनिरपेक्ष में अंतर बताइये।
3. बंधुआ मज़दूरी से आप क्या समझते हैं?
4. जातीय गतिशीलता क्या है?
5. 'चिमाता' से आप क्या समझते हैं?

भाग-ब **अंक : 10**

नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

6. संस्कृतीकरण का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिये।
7. भील जनजाति के सामाजिक-आर्थिक जीवन पर टिप्पणी कीजिये।

(यूनिट-III) (सेक्शन-B) (20 अंक)

भाग-अ **अंक : 10**

नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

1. नेतृत्व का अर्थ समझाइये।
2. विपणन की सामाजिक अवधारणा को स्पष्ट कीजिये।
3. मूल्य निर्धारण के कोई चार उद्देश्य बताइये।
4. मैस्लो का आवश्यकता सोपान सिद्धांत क्या है?
5. व्यापारिक साख क्या है? उदाहरण सहित बताइये।

भाग-ब **अंक : 10**

नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

6. प्रशिक्षण क्या है? यह किस प्रकार संगठनों एवं कार्मिकों के लिये उपयोगी है?
7. व्यापारिक बैंक क्या होते हैं? इन बैंकों से होने वाले लाभ व हानि बताइये।

(यूनिट-III) (सेक्शन-C) (20 अंक)

भाग-अ **अंक : 10**

नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

1. कंपनी के ऋण पत्रों से होने वाले लाभ बताइये।
2. स्थायी कार्यशील पूंजी से आप क्या समझते हैं?
3. सामाजिक अंकेक्षण का महत्त्व बताइये।
4. जेंडर बजट का सर्वप्रथम प्रयोग कब और कहाँ किया गया था?
5. राजकोषीय दुश्चक्र (Fiscal Vicious Circle) क्या होता है?

भाग-ब **अंक : 10**

नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

6. विशेष कार्यशील पूंजी क्या होती है? संगठन में इसकी कब आवश्यकता होती है?
7. बजटीय नियंत्रण क्या है? इससे होने वाले लाभों का उल्लेख कीजिये।